# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)

**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


प.सं. 1-3/2019(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/

दिनांक : 16.11.2022

## कार्यालय आदेश – 1192

**प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों के छात्रों को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड की ही परीक्षा में सम्मिलित होने, बोर्ड-परीक्षा प्रणाली से, विषयों से अवगत कराने के सम्बन्ध में ।**

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन से अनुदानित समस्त वेदपाठशाला/गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिष्ठान द्वारा संचालित वेदभूषण (कक्षा 10वीं समकक्ष) एवं वेदविभूषण (कक्षा 12वीं समकक्ष) की वर्ष 2022-23 की वार्षिक परीक्षाएं **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड** के अन्तर्गत आयोजित की जाएंगी ।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. 3-4/2018- skt I दिनांक 8.8.2022 के द्वारा वेद एवं संस्कृत शिक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर शालेय शिक्षा के समकक्ष वेद संस्कृत शिक्षा एवं परीक्षा की सर्वत्र राज्यों में मान्यता हेतु **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड (मसरावेसंशिबोर्ड)** की स्थापना की मान्यता दी गई है ।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड को **भारतीय विश्वविद्यालय संघ** (Association of Indian Universities) एवं **अखिल भारतीय तकनीकि शिक्षा परिषद** (AICTE) के द्वारा केन्द्रीय अथवा राज्य के बोर्डों के समान मान्यता प्राप्त है।

वेदभूषण -कक्षा 10वीं एवं वेदविभूषण –कक्षा 12वीं बोर्ड समकक्ष परीक्षाएं आयोजित करने हेतु मान्यता एवं सम्बद्धता प्रदान की गई है । कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के सभी समकक्ष विषयों के मॉडल पर अप्रैल 2023 की वेद भूषण-3/8वीं, वेदभूषण -5/10वीं, वेदविभूषण-2/12वीं, की सभी परीक्षाएं होंगी। आदर्श प्रश्न पत्र **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन एवं महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड (मसरावेसंशिबोर्ड) की वेब-साईट पर उपलब्ध है। इस नई व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु सभी का सहयोग अपेक्षित है।**

प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशाला एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि आपकी वेदपाठशाला/ इकाई में वेदभूषण एवं वेदविभूषण अध्ययनरत छात्रों को आचार्यगण वार्षिक परीक्षाओं हेतु पूर्ण निष्ठा से नियमित समय में सस्वर वेद अध्यापन कराएं , आधुनिक विषयों को मॉडल प्रश्न पत्र के आधार पर तैयार कराएं। समस्त वेदपाठशाला एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के छात्रों को मार्गदर्शन हेतु प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालय के आधुनिक विषय अध्यापक समय-समय पर सहायता करेंगे, आवश्यकता होने पर उपस्थित रहेंगे । वेदपाठशाला एवं गुरू-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

UDISE PLUS (Unified District Information System for Education Plus) के अन्तर्गत इस बोर्ड में पढने वाले छात्रों को, वेद विद्यालयों को, इकाइयों को https://udiseplus.gov.in में नामाङ्कन संख्या- UDISE कोड भी प्राप्त करना है, जिस से छात्रों को सुविधा होगी। वेद विद्यालय इकाइ में अध्ययन व्यवस्था भी अखिल भारतीय शिक्षा व्यवस्था के रूप में सर्वत्र मान्य होगी। UDISE PLUS भारत सरकार शिक्षा मन्त्रालय के निर्देश के अन्तर्गत आवश्यक है। आप स्वयं वेब साईट पर देख सकेंगे।


**दूरभाष** (0734) 2502266, 2502254, 2502255
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in

प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशाला/इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों को केवल वेदभूषण कक्षा 10वीं एवं वेदविभूषण 12वीं पाठ्यक्रम की **महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जानी वाली परीक्षाओं में उपस्थित रहना है** । अन्य किसी राज्य जैसे राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्णाटक, मध्यप्रदेश , बिहार आदि किसी संस्कृत या सामान्य शिक्षा बोर्ड से सम्बन्धित परीक्षाओं में उपस्थिति मान्य नहीं है/ उन परीक्षाओं से प्रतिष्ठान से वित्तपोषित छात्रों का कोई संबन्ध न हो, क्यों कि एक ही छात्र दो बोर्ड से परीक्षा नहीं ले सकेगा, तथा दो बोर्डों से परीक्षा देने पर वैधानिक दिक्कतें, आपत्तियां होंगी।

प्रतिष्ठान द्वारा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत बजट के अन्तर्गत वेद पाठशालाओं/इकाई अध्यापकों को मानदेय एवं नियमित वेद अध्ययनरत छात्रों के भोजन, आवास हेतु प्रतिमाह राशि रू. 3000/- वेदपाठशाला / इकाई अध्यापक के बैंक खातें में तथा वेद छात्रों के अभिभावक संग संयुक्त बैंक खातें में राशि रू. 1000/- प्रतिमाह छात्र स्वत: व्यय राशि के रूप में प्रदान की जाती है ।

अत: वेदपाठशाला प्रबंधक एवं इकाई अध्यापक वित्तपोषित छात्रों के वेदपाठशाला / इकाई में प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार की राशि नहीं लें ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :

1. सहायक निदेशक , म.सा.रा.वे.वि.प्र, उज्जैन एवं डा अनूप कुमार मिश्र अनुभाग अधिकारी , म.सा.रा.वे.वि.प्र, उज्जैन
2. प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेदपाठशालाओं के सभी अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
3. प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेदपाठशालाओं के प्रबन्धकों, आधुनिक विषय अध्यापकों एवं इकाई के अध्यपकों को भेजना है तथा श्री संजय श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, एवं डा अनूप कुमार मिश्र, अनुभाग अधिकारी वेदपाठशालाओं के प्रबन्धकों, आधुनिक विषय अध्यापकों एवं इकाई के अध्यपकों के संज्ञानार्थ राज्य क्रम से आनलाईन बैठक आयोजित करेंगे।
4. प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय आदर्श वेदविद्यालय के आधुनिक विषय अधयापक समय - समय पर वेदपाठशाला एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को आधुनिक विषयों के मॉडल प्रश्न पत्र पर प्रशिक्षण देंगे, आवश्यकता होने पर वेदपाठशाला एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई छात्रों को समीपस्थ उपयुक्त जगह बुलाकर रेमिडियल कोचिंग करेंगे। बोर्ड-परीक्षा प्रणाली से, विषयों से अवगत कराएंगे।
5. कार्यालय आदेश पत्रावली।